## खबर संक्षेप

### ब्रह्मा कुमारीज में मनाया पुण्य स्मरण श्रद्धांजलि

**छिंदवाड़ा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वर विश्वविद्यालय के विश्व दर्शन भवन में प्रथम संस्थापिका योग शक्ति जगदंबा सरस्वती जी का पुण्य स्मरण दिवस मनाया गया हजारों लोगों की उपस्थिति में मनाया गया। इस कार्यक्रम में श्री पीतांबर डोड़आनी रामभरोस पटेल श्री हेमंत गोदरे सुधीर चौधरी नरेंद्र वर्मा सौरभ बीके शक्ति बीके ममता एवं बीके गणेशी की उपस्थिति में दीप जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया सभी लोगों ने अपने विचार व्यक्त किया। ब्रह्माकुमारी गणेशी दीदी ने बताया कि जगत अंबा सरस्वती यज्ञ की प्रथम कन्या थी अपने अपने चरित्र और गुण को इतना ऊंचा और महान बनाया कि आपके जीवन को देख देख संस्था की सभी ब्रह्माकुमारी बहनों को विश्व कल्याण हेतु समर्पित होने को प्रेरणा मिलती रही।

### एसडीओपी जांच में आरोपी के झूठे निकले लगाए गये पुलिस पर प्रताड़ना के आरोप

# राजस्व टीम पर किया हमला, पटवारी से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



छिंदवाड़ा जिले के माहुलझिर थाना अंतर्गत के ग्राम दहियार में जमीन का सीमांकन करने पहुंची राजस्व टीम पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। पटवारी, आवेदक समेत अन्य लोगों के साथ मारपीट की गई। पटवारी की शिकायत पर माहुलझिर पुलिस ने मारपीट करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। थाना प्रभारी रविन्द्र पवार ने बताया कि दहियार निवासी मनमोहन साहू ने जमीन के सीमांकन और कब्जा दिलाने आवेदन किया था। इसके तहत शनिवार को पटवारी अनिल टेकाम अपनी टीम पटवारी अंकित सोनी, अश्वनी नवरेती, सरोज शेंडे और आवेदक मनमोहन साहू के साथ जमीन का सीमांकन करने पहुंचे थे। इस दौरान डेहरिया परिवार के सदस्यों ने पटवारी अनिल टेकाम समेत अन्य लोगों का रास्ता रोककर लाठी व पत्थर से हमला कर दिया था। पटवारी अनिल टेकाम की शिकायत पर कमलेश डेहरिया,



भूरेलाल डेहरिया, कैलाश डेहरिया, हल्के डेहरिया, मनोज डेहरिया समेत अन्य लोगों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34, 332, 353, 186 के तहत मामला दर्ज किया गया है।वही ग्राम दहियर के विनोद डेहरिया नाम के हरिजन लडके ने आरोप लगाया हे की तामिया के रहने वाले मनमोहन साहू के कहने पर पुलिस ने उसे घर से उठाया और फिर थाने ले जाकर उनकी जमकर पिटाई की उसके बाद उसके ऊपर पेशाब कर दिया ऐसा विनोद डेहरिया ने पुलिस वाले पर आरोप लगाया है वही जब हमने जुन्नारदेव एसडीओपी राजेश कुमार बंजारे से इस बारे में जानकारी चाही तो उन्होंने बताया की माहुलझीर थाना में हमने सीसीटीवी कैमरे की चेकिंग की है जिसमे ऐसा कुछ नही पाया गया है जो विनोद डेहरिया ने आरोप थे।

### शपथ लेते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

## पहली बार छिंदवाड़ा के बेटे बंटी विवेक साहू ने ली सांसद पद की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

मैं बंटी विवेक साहू ईष्वर की शपथ लेता हूँ कि इन शब्दों के साथ ही 72 वर्ष के संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार छिंदवाड़ा के बेटे श्री बंटी विवेक साहू के सांसद के रूप में शपथ लेते ही एक इतिहास बन गया 1952 से अब तक देश की 17 वीं लोकसभा के गठन तक छिंदवाड़ा में जन्म लिया कोई भी व्यक्ति इस पद पर आसीन नहीं हुआ। सांसद श्री बंटी विवेक साहू के शपथ ग्रहण करते ही भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया एवं आतिशबाजी की और मिठाई बांटी। 18 वीं लोकसभा के लिए प्रोटेम स्पीकर भृतहरि मेहताब ने श्री बंटी विवेक साहू को सांसद पद की शपथ दिलाई।आदिवासी समाज का पीला गमछा डालकर शपथ लीसांसद श्री विवेक बंटी साहू ने जिले के आदिवासी समाज से वादा किया था। कि जब वे संसद भवन जायेंगे तो आदिवासी समाज का पीला गमछा को सिर पर बांधकर पहुचेंगे इसी वचन को पूरा करते हुये उन्होंने पीला गमछा डालकर संसद भवन पहुंचे और शाम 5 बजकर 45 मिनिट पर सांसद पद की शपथ ली। इस तरह छिंदवाड़ा के बेटे बंटी विवेक साहू ने आदिवासी समाज का सम्मान बढ़ाया जिसकी समाज के लोगों ने प्रषंसा की।शपथ लेते ही कार्यकर्ताओं ने फटाके फोड़े, मिठाईयां बांटीसांसद पद की शपथ के ऐतिहासिक अवसर पर जिले भर में भाजपा कार्यकताओं ने आतिशबाजी की फटाके फोड़े एवं मिठाई बांट कर खुशियां मनाई। शहर के वार्डो में भी कार्यकर्ताओं ने खुशियां मनाकर फटाके फोड़े एवं छिंदवाड़ा की जनता की आवाज अब लोकसभा में गूजेंगी।

## शराब दुकान हटाने रंगारीसापर में भूख हड़ताल हुई शुरू

### शराब दुकान हटाने महिला, बुजुर्ग और छात्र-छात्राएं आ रहे आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



रंगारी सापर में लगी हुई कंपोजिट शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों के द्वारा सोमवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है, ज्ञात की ग्रामीणों के द्वारा यहां से शराब दुकान स्थानांतरित करने की मांग को लेकर विगत दो माह से निरंतर धरना,रैली, दिंडी यात्रा, ज्ञापनअधिकारियों से भेंट आदि आंदोलन किया जा रहे है। इसके पूर्व ग्रामीणों के द्वारा शराब दुकान के सामने बैठकर भजन कीर्तन के साथ शराब खरीदने आने वाले लोगों का तिलक लगाकर स्वागत सत्कार भी किया गया था।सौसर प्रशासन से लेकर तो मुख्यमंत्री तक शराब दुकान हटाने को लेकर ज्ञापन भी सौंपे गए है। परंतु समस्या का समाधान नहीं होने के बाद अब ग्रामीणों के साथ पूर्व जप अध्यक्ष भागवतराव महाजन,विजय मोतीरामजी चौधरी,ने आमंरन शुरू कर दिया है।सोमवार को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल आंदोलन शुरू करने के पूर्व आंदोलनकारी के द्वारा नगर में रैली निकालकर हनुमान मंदिर में पूजा कर आंदोलन का शुभारंभ किया गया।शराब दुकान हटाने प्रथम दिन 7 लोग बैठे भूख हड़ताल परआंदोलन का नेतृत्व कर रहै पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष भागवतराव महाजन सरपंच नितेश ठाकरे ने बताया कि कई बार ज्ञापन आंदोलन धरना आदि करने के बाद भी गूंगे बहरे अधिकारियों और सरकार के जनप्रतिनिधियों के कानों पर जू नहीं रंग रही है। इसीलिए आंदोलन के तहत अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की गई है, जिसमें शराब दुकान हटाने को लेकर हर दिन 5 लोग भूख हड़ताल पर बैठकर शासन प्रशासन एवं सरकार से माग करेगे,प्रथम दिन से भागवतराव महाजन,विजय मोतीरामजी चौधरी,ने आमंरन अनशन पर बैठ गए है। वही एक दिन के लिए नथूजी मुंगोले,नामदेव ठाकरे, विश्वनाथ ठाकरे,बलवंत राउत,पंढरी राउत में भूख हड़ताल कर शराब दुकान का विरोध प्रदर्शन किया।

## बीईओ ने 2 प्राचार्यों का रोका वेतन, 13 को दिए नोटिस

**पांढुर्ना।** विकासखंड शिक्षाधिकारी योगिराज वानोडे ने आज एमपी टॉस पोर्टल जरूरी विवरण अपलोडिंग में लापरवाही एवं त्रृटियां पायी जाने पर 2 प्राचार्यों का जून माह का वेतन रोका तथा 13 प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज उत्कृष्ट विद्यालय पांढुर्ना में सभी शासकीय, अशासकीय, हाईस्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल प्राचार्यों की बैठक हुई। बैठक में एमपी टॉस पोर्टल 2022-23, 2023-24 समीक्षा की गई। इसमें पाय गया कि 647 छात्र छात्राएं2022-23 में जाति प्रमाणपत्र न बनने, जाति प्रमाणपत्रों में त्रृटियां होने, समग्र आयडी में जनम तिथि गलत होने, जन्म प्रमाणपत्र ना होने, आधार कार्ड अपडेट ना होने, बैंक खाते आधार नंबर से लिंक ना होने तथा अन्य राज्यों के छात्र एवं पिछडा वर्ग के छात्र शामिल होना पाया गया। शा. उच्चतर माशा चांगोबा प्राचार्य सुभद्रा शेंडे एवं शासकी हाइस्कूल डुड्डेवानी प्राचार्य रामलाल धुर्वे का माह 2024 जून का वेतन रोकने के आदेश जारी किए गए। प्राचार्य रायबासा, राजडोंगरी,काराघाट कामठी, धनोरा, नरसला, लेंढोरी, पलासपानी, कामठीकला बडचिचोली तथा नगरपालिका विद्यालय के प्राचार्यों को नोटिस जारी किया गया है।

## जिले में अभी तक 119.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 119.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 37.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 24 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 12 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। 24 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 1.2, मोहखेड़ में 0.2, तामिया में 25, चौरई में 4, हर्रई में 7.4, बिछुआ में 8.4, परासिया में 1.1, जुन्नारदेव में 22.4, चांद में 62 वर्षा दर्ज की गई।

## सौंसर में हुई महिला वैश्य महासम्मेलन की बैठक

**सौंसर।** शहर में पूर्व गृहमंत्री प्रदेश अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन उमाशंकर गुप्ता के जन्मदिवस पर महिला वैश्य महासम्मेलन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की ओर से पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता जी का जन्म दिवस भी मनाया गया।बैठक में सौसर महिला अध्यक्ष सुनीता ओम बागनी प्रदेश महिला वैश्य महासम्मेलन अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन,गुंजन राठी, संभाग अध्यक्ष किरण सोनी,प्रभारी संभाग अध्यक्ष सुधा सोनी, नगरपालिका अध्यक्ष सुरेखा डागा प्रमुख रूप से उपस्थित थी।आयोजन के दौरान महिला अतिथियों का पुष्पमाला एवं शाल श्रीफल के साथ स्वागत सत्कार किया गया। बैठक के दौरान पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं पेड़ पौधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य को लेकर वैश्य महिला महासम्मेलन की ओर से वृक्षारोपण किया गया। बैठक में वैश्य समाज की महिला श्रीमती ज्योति डांगरा तृप्ति जावंधिया, विशाखा सुदा, लक्ष्मी पटेल ऊषा भामोरे भारतीय चंदनकर, रश्मि मानकर, रेखा राठी, रीता डागा, प्रीति खडतकर,जिला वैश्य महासम्मेलन से रमेश भैया जाखोटिया इंदरचंद्र डागा,ओम बागनी दिनेश खडतकर आदि थे।कार्यक्रम का संचालन वैश्य महामंत्री सुभाष गुप्ता ने किया।



## बंटी साहू के शपथ ग्रहण पर कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी

**बिछुआ।** सोमवार शाम को छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू के दिल्ली में शपथ ग्रहण उपरांत बिछुआ बस स्टैंड में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा आतिशबाजी की गई,एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई प्रेषित की गई,इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत(गोलु)नागरे ने सभी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी,इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत(गोलु)नागरे,नगर परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबड़े,पूर्व मंडल अध्यक्ष रामसिंह पटेल,शिवराम चौरसिया,रघुराज पटेल,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,रामराज वर्मा,गुड्डा पटेल,साहेबराव गाकरे,अनिल कुर्मी दीपक चोपड़े,हिम्मत राम सोनी,शैलेश चोपड़े,बलदेव बोबड़े,विजय गाकरे,राजेश रघुवंशी,प्रदीप बुनकर,जगदीश गाकरे,मनोज साहू,असलम खान,हेमराज मांडेकर,गुलाब नागरे,रमेश नागरे,छोटू बोबड़े,पिंटू श्रीवास,सोहन वर्मा सहित कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।



## वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर हुए विविध आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

सोमवार को नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी महान वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, बलिदान दिवस के अवसर पर नगर में विशाल मोटरसाइकिल कर रैली निकालकर नगर भ्रमण करते हुए वीरांगना रानी दुर्गावती की जय जयकार की गई। नगर के रैन बसेरा परिसर से निकाली रैली में बड़ी संख्या में बुजुर्ग युवा महिलाएं और बच्चों ने भी भाग लिया, वीरांगना रानी दुर्गावती आदिवासी विकास उत्थान समिति की ओर से नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित बिरसा मुंडा भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. आयोजन को संबोधित करते हुएमोरेश्वर मर्सकोले, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष विनायक मर्सकोले ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत की महान विरांगना रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 को हुआ था,जिन्होंने अपनी मातृभूमि आत्मसम्मान की रक्षा के लिए 24 जून 1564 अपने प्राणो का बलिदान दिया,नाम के अनुरूप ही वह तेज,साहस,शोर्य, पराक्रम और शस्त्र विद्या में निपुणता के कारण इनकी प्रसिद्धि देश के प्रत्येक राज्यों में गुंजायमान थी,रानी दुर्गावती ने मध्यप्रदेश गोंडवाना राज्य में 16 वर्ष शासन किया, कार्यक्रम का संचालन एड,रवीशंकर धुर्वे ने किया।

## जिला अस्पताल की लिफ्ट शीघ्र सुधरवाने के दिए निर्देश

### कलेक्टर श्री सिंह ने ली समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने निर्देश दिए कि आयुक्त नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा यह बताएं कि शहर में बिना अनुमति तलघर बनाने वालों और उनका कमर्शियल उपयोग करने वालों पर नियमानुसार क्या कार्यवाही की गई? एक सप्ताह के अंदर कार्यवाही कर अगली टीएल बैठक में सभी प्रकरणों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करें। शहरी क्षेत्र में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी लगातार करें। अवैध कॉलोनाइजर्स को अंतिम नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्यवाही करें। जिन प्रकरणों में एफ.आई.आर. करने की जरूरत हो, उनमें अनिवार्य रूप से एफ.आई.आर. दर्ज कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी निर्माण विभागों को निर्देश दिए कि सभी ठेकेदारों पर सख्ती करें और प्रत्येक निर्माण कार्य उसकी निर्धारित कार्य पूर्णता अवधि में ही पूर्ण कराएं। हर कार्य निर्धारित अवधि से डिले चल रहा है, आगे से यह बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कलेक्टर श्री सिंह आज समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे।

यह बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी, जिसमें अपर कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे, एसडीएम छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, उप संचालक कृषि श्री जितेंद्र कुमार सिंह, नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री सी.पी.राय सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित थे, जबकि अन्य सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ सहित सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक में सी.एम.हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण, न्यायालय के लंबित प्रकरणों, सीएम डैशबोर्ड, विभिन्न आयोगों एवं वरिष्ठ कार्यालयों के पत्रों, आदिवासी न्याय महाअभियान, नागरिकों की ई-के.वाय.सी. कार्य में प्रगति आदि की भी विस्तृत समीक्षा की।

## शहीद स्व. कबीर दास उईके की धर्मपत्नी को शासकीय सेवा में मिली विशेष नियुक्ति

### बीते दिनों उनके निवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री की घोषणा हुई पूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की घोषणा के अनुरूप मध्य प्रदेश शासन के परिपत्र अनुसार कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह द्वारा छिंदवाड़ा जिले के शहीद स्व.श्री कबीर दास उईके की धर्मपत्नी श्रीमती ममता उईके निवासी मु. पुलपुलडोह, तहसील बिछुआ को मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत शासकीय सेवा में विशेष नियुक्ति प्रदान की गई है। उन्हें कार्यालय प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिंदवाड़ा में रिक्त सहायक ग्रेड 3 के पद पर 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर निर्धारित शर्तों एवं प्रतिबंधों के अधीन अस्थाई रूप से विशेष नियुक्ति दी गई है। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर बिछुआ तहसीलदार श्रीमती रुपेश्वरी कुंजाम द्वारा यह विशेष नियुक्ति पत्र आज शहीद के निज निवास पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ममता उईके को प्रदाय किया गया। उल्लेखनीय है छिंदवाड़ा जिले की तहसील बिछुआ के ग्राम पुलपुलडोह के रहने वाले सी.आर.पी.एफ. कांस्टेबल श्री कबीर दास उईके जम्मू कश्मीर के कठुआ में हुए आतंकी हमले में 12 जून 2024 को शहीद हो गए थे। शहीद की अंतिम यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पद मध्य प्रदेश शासन की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके उनके पैतृक निवास पर पहुंचीं थीं और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 14 जून 2024 को स्वयं उनके पैतृक निवास पर पहुंचकर परिजनों को संबल दिया था। इस दौरान उन्होंने शहीद के आश्रितों को 1 करोड़ रुपए की अनुदान सहायता राशि भी प्रदाय की थी और शहीद के आश्रित परिवार के सदस्य को शासकीय सेवा में नियुक्ति प्रदाय किए जाने संबंधी घोषणा की थी। जिसके परिपालन में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक को शहीद की धर्मपत्नी श्रीमती ममता उईके को विशेष नियुक्ति पत्र जारी किया गया है।

## तपोभूमि में श्री शाहू महाराज का जयन्ती समारोह

**सौंसर।** 26 जून बुधवार को श्री छत्रपति शाहू महाराज जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है, आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए तथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखिवाड़ा सौसर अध्यक्ष सहादेवराव गोडबोले सचिव डॉ अशोक भगत ने बताया कि बुधवार 26 जून को दोपहर 12 बजे से बजाज जोड़ पीपला नारायण मार्ग पर लगने वाली तपोभूमि पर तथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखिवाड़ा सौसर की ओर श्री छत्रपति शाहू महाराज की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।समिति की ओर से छत्रपति शाहू महाराज के जयंती पर संगोष्ठी ओर पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उद्देश्य को लेकर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जा रहा है।समिति के पदाधिकारी ने बताया कि एड वासुदेवराव बागड़े के द्वारा बजाज जोड़ पीपला मार्ग पर तथागत धम्म प्रकल्प समिति को समाज कार्य के लिए एक एकड़ जमीन दान दी गई।

### बिना सिक्योरिटी नंबर प्लेट के चल रहे रेत चोरी में लगे वाहन

# नर्मदा ग्रुप की परिवहन अधिकारी ने बगैर कागज के चल रही जेसीबी पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील में परिवहन नियमों की अनदेखी कर रसूखदार लोगों के ट्रक ट्रैक्टर जेसीबी, हाइड्रा सीमेंट पाइप, रोलर ढोने वाला ट्राला। प्रदूषण विभाग की एन ओ सी के बगैर बरसों से चल रहे है। ना ही इन वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट है,ना बीमा ना रोड टैक्स न फिटनेस फिर भी ये चल रहे हैं। यदि इन वाहनों की जांच करेंगे तो एक दो ही वाहन परिवहन नियमों पर खरे उतरेंगे। सारे के सारे वाहन खुलेआम रेत चोरी में भी लगे हुए हैं पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही ना होना परिवहन नियमों का खुला उल्लंघन कर बेखौफ चल रहे थे। परिवहन विभाग के अधिकारी नेआज बिजोरी के पास नर्मदा ग्रुप की जेसीबी सड़क पर नजर आई तो उसके आपरेटर से पूछताछ की गई तो उस जेसीबी





में ना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट थी ना ही चालक के पास मशीन ऑपरेट करने संबंधित लाइसेंस और ना हीं वह प्रदूषण नियम का पालन भी नहीं कर रही थी। इसी कारण आज परिवहन विभाग के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ पासिंग सीजी 24 एन 90, 99 को परिवहन नियम पर खरा नहीं उतरने की दशा में इस जेसीबी मशीन को तामिया थाने में खड़ा करवाया गया। नर्मदा ग्रुप जो रेत गिट्टी पाइप एवं जेसीबी से अवैध उत्खनन करने के लिए जग जाहिर है और इन्होंने चतुराई से कई जिले के बाहर के वाहन अवैध कामों के लिए किराए पर ले रखे हैं। किसी को शक ना हो कि यह वहां नर्मदा ग्रुप में अवैध कामों के लिए अटैच है लेकिन आज पकड़ी गई जेसीबी से सावित हो गया कि इस ग्रुप में अटैच वाहन परिवहन नियमों का खुला उल्लंघन कर अवैध गिट्टी रेत परिवहन के काम में लगे है।

सड़क निर्माण के लिए ठेकेदारों द्वारा भी जेसीबी की मदद से बड़े पैमाने में किया जा रहा उत्खनन

# मुरूम खदान के लिए लीज नहीं, धड़ल्ले से हो रहा है अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



चौरई तहसील में मुरूम खदान के नहीं होने से प्रशासन को राजस्व की हानि हो रही है। वहीं धड़ल्ले से चल रहे अवैध मुरूम उत्खनन से पर्यावरण को भी खतरा उत्पन्न हो रहा है। क्षेत्र में अवैध खदानों के भरोसे ही मुरूम की आपूर्ति हो रही है। लेकिन खनिज विभाग सरकारी ठेकेदारों से रायल्टी की वसूली कर, लगातार गंभीर होती जा रही इस समस्या से मुंह मोड़ रहा है।क्षेत्र में सड़क और भवन का निर्माण मुरूम के बिना पूरा नहीं होता।

सरकारी और निजी निर्माण कार्य में बड़े पैमाने में मुरूम का उपयोग रोजाना किया जा रहा है। पर चौरई तहसील में एक भी मुरूम खदान का लीज नहीं है। मुरूम की आपूर्तिकर्ताओं द्वारा आंख मुंद कर ऊंचे टीले की खुदाई की जा रही है। वन भूमि के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के आवासीय इलाकों के पास मुरूम की अवैध खुदाई से बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश के मौसम में इन गड्ढों में पानी जमा हो जाने से बच्चों के साथ मवेशियों के गिरने का खतरा बना रहता है। राजमार्ग के किनारे चल रहे इस अवैध उत्खनन की ओर से अधिकारियों ने पूरी तरह आंख मूंद रखे हैं। क्षेत्र में मुरूम की आपूर्ति का काम अधिकांशतः ट्रैक्टर चालकों द्वारा किया जाता है। सड़क निर्माण के लिए ठेकेदारों द्वारा भी जेसीबी की मदद से बड़े पैमाने में मुरूम का उत्खनन किया जाता है। उत्खनन के दौरान संबंधित ठेकेदार अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी गड्ढे खोद देते हैं।लीज के लिए गुजरना होगा कई प्रक्रियाओं सेअगर कोई प्रक्रिया के तहत मुरूम खदान संचालन की अनुमति लेने के लिए तैयार भी हो जाता है, तो उसे कई तरह के खानापूर्ति करनी पड़ेगी। सबसे बड़ी बाधा पर्यावरण विभाग से अनापत्ति प्राप्त करने की हो सकती है। विभाग से अनुमति प्राप्त करने के लिए कागजी खाना पूर्ति करने के साथ आवेदक को जिला की दौड़ भी लगानी पड़ती है। बताया जाता है कि इन सब चक्कर में फंसने के लिए कोई तैयार नहीं है। खासकर उस स्थिति में जब लोगों को अवैध रुप से मुरूम आसानी से उपलब्ध हो जा रहा है। वहीं जानकारों के मुताबिक खनिज विभाग अगर मुरूम के अवैध उत्खनन पर कड़ाई से रोक लगा दे, तो मुरूम का खदान आसानी से खोला जा सकता है। हकीकत यह है कि मुरूम खदान के लिए खनिज विभाग के अधिकारियों ने अब तक गंभीरता से प्रयास नहीं किया है। विभाग ने न तो इसके लिए कभी इश्तेहार जारी किया और न ही अवैध उत्खननकर्ता के विरूद्व कड़ी कानूनी कार्रवाई की है।शासन को रायल्टी का हो रहा नुकसानवहीं निजी निर्माण कार्य में प्रशासन को इस प्रकार की सुविधा नहीं मिल पाती और रायल्टी का सीधा नुकसान विभाग को उठाना पड़ रहा है।

## सिकल सेल एनीमिया एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के श्री नंदलाल सूद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव में 24 जून सोमवार को सिकल सेल एनीमिया साप्ताहिक स्वास्थ परिक्षण एवं सिकल सेल एनीमिया जागरुकता अभियान के अंतर्गत एनसीसी के कैडेट और स्कूली बच्चों का परीक्षण किया गया, जिसमें विद्यालय प्राचार्य सीएस दीक्षित, एनसीसी ऑफिसर मनोज शर्मा, वरिष्ठ शिक्षिका वर्षा बंदेवार , जसवंत ठाकुर , बैजनाथ डेहरिया, और विद्यालय के सभी स्टॉफ सदस्यों का सहयोग रहा। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र जुन्नारदेव से प्रवीण डेहरिया, सुभाष मर्शकोले, दिलीप यदुवंशी एवं कमलनाथ यदुवंशी की उपस्थिति रही। विद्यालय के लगभग 125 विद्यार्थियों का सिकल सेल एनीमिया परीक्षण किया गया। एनसीसी के 33 कैडेटों का सिकल सेल एनीमिया परीक्षण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सी. एस. दीक्षित ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव से आए हुए परीक्षण कर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय शिक्षा महोत्सव में शिक्षक शरद कुमार शिववेदी का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में शिक्षकों की भूमिका पर आधारित बाल देवो भवः के आराधक शिक्षाविद गिजू भाई का पुन्य स्मरण एवं शिक्षाविद डॉ.गुलाब चौरसिया शताब्दी समारोह का आयोजन दिनांक 22व23जून 2024 को स्थान एन सी ई आर टी क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, श्यामला हिल्स भोपाल, मध्यप्रदेश में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में प्रोफेसर जे.एस.राजपूत पूर्व निदेशक एन सी ई आर टी नई दिल्ली, शरद चन्द्र बेहार राष्ट्रीय अध्यक्ष एड एक एक्शन भारत वर्ष, सुरेन्द्र नाथ दुबे संरक्षक शिक्षक संदर्भ समूह गुड़गांव, रवि प्रताप सिंह पूर्व क्षेत्रीय निदेशक एड एट एक्शन साउथ एशिया कोलंबो, प्रोफेसर रीता सोनावत ई सी सी ई विशेषज्ञ मुंबई, जयदीप मंडल प्राचार्य क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल, प्रोफेसर नीलिमा भगवती अंतरराष्ट्रीय सचिव सी टी ई एफ गोहाटी, डॉ के एम भंडारकर राष्ट्रीय अध्यक्ष सी टी ई एफ नागपुर,अनल त्रिवेदी सामाजिक कार्यकर्ता इंदौर, डॉ दामोदर जैन संस्थापक व समन्वयक शिक्षक संदर्भ समूह भोपाल, डॉ विजेन्द्र भदौरिया समन्वयक शिक्षक संदर्भ समूह भोपाल की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर केंद्रित ₹राष्ट्रीय शिक्षा महोत्सव 2024₹में सहभागिता करने और संकल्प पूर्वक अपने शैक्षिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए। ₹ मेरा विद्यालय मेरी पहचान ₹ अभियान अंतर्गत अपने विद्यालय को आनंद घर में रुपांतरित करने के परिप्रेक्ष्य में जिला छिंदवाड़ा के जुन्नारदेव विकास खण्ड से शासकीय माध्यमिक विद्यालय बरेलीपार में कार्यरत शिक्षक शरद कुमार शिववेदी ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपने विद्यालय की आनंद यात्रा से परिचित कराया।

## काव्य सौंदर्य अभिप्रेरण सृजन वृक्ष की जड़ें सींचता है: प्रो. सिंह

**छिंदवाड़ा:** आंचलिक साहित्यकार परिषद की खजरी रोड एकलव्य ॉलोनी छिंदवाड़ा में पं.शंकरलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित काव्य गोष्ठी में वरिष्ठ कवि नंद कुमार दीक्षित ने सरस्वती वंदना का आवाहन यों किया ₹टूट जाएं भव बंधन सारे, ऐसी बुद्धि प्रखर दे, अधःपतन हो सके कभी ना, ऐसा उच्च शिखर दे₹। छिंदवाड़ा के वरिष्ठ साहित्यकार अतिथि कवि रतनाकर रतन ने आपसी अविश्वास पर करारा प्रहार ₹कुछ भी तेरे पास नहीं है, मुठ्ठी भर विश्वास नहीं है₹ कहकर किया। काव्य गोष्ठी अध्यक्ष प्रो अमर सिंह ने कहा कि काव्य सौंदर्य अभिप्रेरण सृजन वृक्ष की जड़ें सींचता है। किसी भी व्यक्ति का संसार उसकी अभिव्यक्ति के अनुपात में विस्तारित होता है और सिकुड़ता भी है। काव्य सृजन की संवेदनशील कवयित्री श्रीमती सविता श्रीवास्तव ने मानवीय महत्वकांक्षाओं के उथलेपन पर अपना कटाक्ष ₹सपनों के तट हैं जितने सुनहरे, सच के हैं किनारे उतने ही गहरे₹ के उद्बोधन से सभी श्रोताओं का मनमुदित कर दिया। युवा कवि प्रत्यूष जैन ने ₹बातों को टालना होगा, लहजा संभालना होगा, कशमकश है कहां जाएं, एक सिक्का उछालना होगा₹ सदृश अपने उद्गारों से अति गंभीर होने के खतरों से आगाह किया। युवा कवि राजेंद्र यादव ने बेहतरीन मंच संचालन करते हुए कहा ₹सभी शौक जीवन केहो जाएं पूरे, खुद उतरेगा चोला, पुराना बहुत है, सभी को गदगद कर दिया।मार्मिक कवि अशोक जैन ने ₹चला जाता है अक्सर छोड़कर वो, मगर लौटकर आता तो है₹ कहकर नाउम्मीदी से बचने की सलाह दी। प्रसिद्ध कवि ओमप्रकाश नयन ने ₹संघर्ष किया है किसने कितना, अन्तर्मन की परखी में वो खुद ही झांके, अलग खड़ा है अलगू चौधरी, जुम्मन बगलें झाकें₹ कहकर व्यवस्था और सोच की खामी उजागर की। श्रीमती प्रीति जैन शक्रवार ने ₹झगड़े की वजह मां भी होती है, इसे तू रखेगा या मैं रखूं₹ पढ़कर काव्य के विषय को सूक्ष्मतम स्तर पर उतारने का सभी का मार्गदर्शन किया। अंतर्मन की गहन संवेदना की कवयित्री श्रीमती मोहिता मुकेश कमलेंदु ने ₹नैनों से अपने मत तू नीर बहने दे, नैनों में अपने बस तू नूर रहने दे ₹शब्दों से काव्य मर्म का अहसास कराया।

## सांसद के शपथ ग्रहण का मनाया जश्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जिले के युवा सांसद विवेक बंटी साहू ने नई सांसद भवन में सोमवार सैकडो सांसदो के साथ पद और गोपनीयता की शपथ ले ली। भाजपा नगर मंडल ने सांसद की शपथ ग्रहण का जश्न स्थानीय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर आतिशबाजी और एक दूसरे का मुंह मीठा करा मनाया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सलोडे ने कहा कि आज जिले के लिए गौरव का दिन है जिले की माटी के लाल ने संसद भवन में शपथ ली है, इसी अवसर पर भाजपा जनों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करा बधाई दी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मोनू पार्षद अपील समिति सदस्य संजय जैन ्जेश श्रीवास्तवविष्णु काका, जिला संयोजक विवेक चंद्रवंशी, मंडल महामंत्री सोनू चौहान, पार्षद संजय जैन,राजेंद्र सूर्यवंशी,अमित यादव,विशेष चौरसिया,दीपेश जैन,शरद दादा,नितेश राजपूत,भूपेश चौरसिया सहित भाजपा जन मोजूद रहे।

## सामान्य निर्वाचन आउटसोर्स के कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर विधायक पटेल को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी तहसील में पदस्थ सामान्य निर्वाचन आउटसोर्स के कर्मचारियों ने नियमितीकरण, समान वेतन, आवास सुविधाएं, महिला कर्मचारियों को मातृत्व आवकाश सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर वारासिवनी विधायक विवेक विक्की पटेल को ज्ञापन सौंपा हैं। इस दौरान सहायक प्रोग्रामर अश्विनी राहंगडाले, कंप्यूटर आपरेटर राजिक खान, अरुण हिरकने, मनीषा साठे, रत्नेश ठाकरे, पतिराम तेलासे मौजूद रहें।

**अधिकारियों द्वारा कराये जाते हैं हीनता पूर्वक कार्य :** ज्ञापन सौंपने पहुॅचे कर्मचारियों ने बताया कि हम सभी 2017 से समान्य निर्वाचन विभाग में कार्यरत होकर निर्वाचन कार्य का निर्वहन कर रहे हैं। हमारे द्वारा पंचायत त्रिस्तरीय एवं नगरीय आम निर्वाचन का भी कार्य किया जा रहा हैं। जिसके फलस्वरूप हमें 8 हजार से 12 हजार तक का वेतन दिया जा रहा हैं। मगर यह वेतन हमें प्रतिमाह ना मिलते हुए 2-3 माह के अंतराल में दिया जा रहा हैं, जिससे हमारे परिवार का भरण पोषण करने में आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। वहीं अधिकारियों द्वारा हमसे हीनता पूर्वक कार्य कराया जाता हैं, जिससे हम आर्थिक एवं मानसिक रूप से काफी प्रताड़ित हैं।

**मुख्यमंत्री के समक्ष रखी जायेगी सभी मांगे-विवेक पटेल**

सामान्य निर्वाचन कार्य में लगे हुए कर्मचारियों द्वारा ज्ञापन सौंपे जाने के बाद विधायक विवेक पटेल ने कहा कि उनकी मांगो को मुख्यमंत्री के सामने रखकर जल्द से जल्द उसका निराकरण करवाने का प्रयास किया जायेगा। चूॅंकि यह समस्या प्रदेश स्तर की हैं, इसीलिए इसका समाधान भी मुख्यमंत्री व केबिनेट द्वारा ही किया जा सकता हैं।

## प्रतिबंधित दवाइयों कि जाँच के लिए बनेगी टीम : टीएल बैठक में कलेक्टर ने पेंशन के लंबित प्रकरणों पर कार्यवाही के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में नारकोटिक्स कार्यो से संबधित विभागों को निर्देश दिए है कि दल गठित किये जाये। जो प्रतिबंधित दवाइयों कि निगरानी और जांच समय पर कर सकें। साथ ही उन्होंने बैठक के दौरान सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों की गहनता से समीक्षा की। सीएम हेल्पलाइन कि शिकायतों के संबध में राजस्व विभाग में शिकायतों के पत्रों के निराकरण करने के निर्देश देते हुए ग्रेडिंग की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को सीएम हेल्पलाइन कि शिकायत कम करने के निर्देश दिये। वहीं कलेक्टर डॉ मिश्रा ने सभी विभाग में अनुकम्पा नियुक्ति की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिये जिन विभाग में आउसट सोर्स एर्जेसियो की समय अवधि समाप्त हो चुकि है वे एर्जेसिया ईटेंडर करवाऐं। विधुत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि आदिवासी क्षेत्र ग्राम पंचायत डाबरी के ग्राम झकोरदा, गौरझोला, छापराझेला, पुकाबर्रा, तटकुटोला का सर्वे कर जानकारी उपलब्ध कराने व बिजली उपलब्ध के निर्देश दिये।

कलेक्टर डॉ.मिश्रा ने समय सीमा की बैठक में उपस्थित सभी विभाग के अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणो की समीक्षा करते हुए ,अधिकायों को निर्देशित किया कि अनुकंपा प्रकरण के सभी आवेदको के प्रकरणो का त्वरित निराकरण करें। वहीं ट्रेजरी अधिकारी को निर्देशित किया कि पेंशन प्रकरणो को लंबित न रखा जाए त्वरीत निराकरण कर आवेदकों को लाभ दिलवाने का कार्य करें । इस दौरान अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, संयुक्त कलेक्टर श्री केसी ठाकुर, सीएमएचओ डॉ. मनोज पांडेय, डीईओ श्री एके उपध्याय व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कबाड़ की तरह पड़े नपा के कचरा वाहन : 08 वाहनों में 04 से हो रहा कचरा संग्रहण, 2 खराब और 2 खड़े

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** नगर परिषद जनता के पैसों से खरीदे गए वाहनों की कद्र नहीं कर रही है. देख रेख के अभाव में परिषद के कई पुराने वाहन कबाड़ में तब्दील हो गए हैं. वहीं इस क्रम को आज भी दोहराया जा रहा है. यह तब हो रहा है जब नगर परिषद की आर्थिक हालत बेहद कमजोर है और तनख्वाह ना देने की वजह से नगर परिषद को अपने कई कर्मचारियों को कुछ महीने पहले काम से निकालना पड़ा है. इन दिनों नगर परिषद कटंगी के दो कचरा वाहन खजरी-खमरिया बायपास पर एक गैरेज में कबाड़ की तरह पड़े हुए है. इन वाहनों की मरम्मत के लिए गैरेज भेजे जाने की बात कहीं जाती है. पता चला है कि दो कचरा वाहन जो करीब 06 माह तक इसी गैरेज में खड़ थे. उन वाहनों को अभी हाल ही के दिनों में नगर परिषद ने पैसा चुकाकर लाया है. नगर परिषद के पास कुल 08 कचरा वाहन है. जिसमें केवल 04 ही वाहनों को सड़क पर चलते और वार्डों से कचरा संग्रहित करते हुए देखा जा सकता है. नगर परिषद के दो वाहन आज भी गैरेज में खड़े है और दो वाहन नगर परिषद में ड्राइवर यानी कर्मचारी की कमी के कारण नहीं चल रहे है. दो वाहन गैरेज में और दो वाहन एक स्कूल परिसर में खड़े है. अगर इन कचरा वाहनों को उपयोग में नहीं लाया जाता. तो इन वाहनों का भी वही हाल होगा. जो पहले ट्रैक्टर ट्राली और अन्य वाहनों का हुआ है. आर्थिक तंगी से जूझ रही नगर परिषद कटंगी बीते कई सालों से अपनी संपत्ति को लेकर लापरवाह रवैया अख्तियार किए हुए है. नगर परिषद के पास अब भी कई ऐसे वाहन है. जिनकी मरम्मत की जाए, तो उन वाहनों को काम में लाया जा सकता है।





## शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया महारानी दुर्गावती पंचशती जयंती समारोह

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय एस0एस0पी0 महाविद्यालय वारासिवनी के इंदिरा कक्ष में महारानी दुर्गावती पंचशती जयंती समारोह का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 प्रवीण श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम प्रभारी नरेन्द्र कुमार डोंगरे सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान छात्रा कुमुद हनवत बी0एस-सी0 तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान छात्र दीपेश उंदीरवाडे बीएससी तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान महिमा अटराहे बी0एस-सी0 तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। उसी प्रकार भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजकुमार शेंडे बी0ए0 प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान निधि पटले तथा तृतीय स्थान वाहिनी पटले ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापिका डॉ0 तृप्ति सोनवे तथा दोमदत्त सिंह सहायक प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र) विशेष रूप से उपस्थित रहें। कार्यक्रम में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से महारानी दुर्गावती के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम प्रभारी नरेन्द्र कुमार डोंगरे द्वारा किया गया।

किसान ने की बिजली विभाग से मुआवजे की मांग

## ग्राम बापड़ी में विद्युत करंट से बोदे की मौत

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी थाना अंतर्गत ग्राम बापड़ी में 23 जून रविवार की दोपहर 12 बजे करंट लगने से एक बोदे की मौत हो गई। किसान 23 जून को किसान के मूक बधिर जानवर बोदे को अपनी जान गंवानी पड़ी बारिश में किसानी कार्य इंद्रप्रसाद पिता खेमचंद लिल्हारे ने बताया कि 23 जून को दोपहर 12 बजे वह धान की बोवनी करने के लिए बोदे को साथ लेकर अपने खेत गया था। बोवनी कार्य करने के बाद बोदे को नहलाने के लिए नदी के किनारे ले जा रहा था कि अचानक मेरा बोदा मेरे पड़ोसी एशन बनोठे के खेत की ओर भाग गया जहां एशन बनोठे के खेत में नीचे पड़े बिजली के तार के संपर्क में आ गया। जिससे विद्युत करंट से बोदे की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जिसकी शिकायत लांजी थाने में की गई। वही बोदे की मौत पर किसान इंद्र प्रसाद लिल्हारे ने बिजली विभाग से मुआवजे की मांग करते हुए बताया कि बिजली के तार के करंट से मेरे बोदे की मृत्यु हुई है जिसकी कीमत लगभग रू25000 है और बिजली विभाग की लापरवाही से यह घटना घटित हुई है जिसकी भरपाई बिजली विभाग द्वारा मुझे देनी चाहिए।

**बिजली विभाग के लापरवाही से घटी घटना सरपंच खेमराज मछीरके :** उक्त घटना के संबंध में ग्राम पंचायत बापड़ी के सरपंच खेमराज मछीरके ने कहा कि ग्राम में खंभों में झूले की तरह बिजली के तार लटक रहे हैं जिसे दुरुस्त करने के लिए कई बार बिजली विभाग को चेताया गया फिर भी बिजली विभाग इस और कोई ध्यान नहीं दे रही है जिसके चलते चल रहे हैं अगर बिजली विभाग इस ओर ध्यान नहीं देता है तो ऐसी घटनाएं और भी घट सकती है। बिजली के करंट से किसान के बोदे की मौत होने से किसान को दिक्कतों का सामना झेलना पड़ रहा है। जिसके भरोसे किसान खेती का कार्य करता है उस बोदे की बिजली के करंट से मृत्यु होना गंभीर बात है। अब किसान को खेती का कार्य करने के लिए 25000 रुपए का शुद्ध नुकसान हुआ है। और यह घटना बिजली विभाग की लापरवाही के वजह से हुई है किसान को हुए नुकसान की भरपाई बिजली विभाग को भरना पड़ेगा जिससे किसान अपना जीवन यापन कर सकेगा।

## बिसोनी पंचायत की जांच करने आज पहुंचेगी टीम

### आमरण अनशन कर उपसरपंच पवन कश्यप ने ने जिला सीईओ से की थी मांग

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिसोनी में बरती गई अनियमितताओं की जांच करने टीम गठित कर दी गई है। 25 जून को सुबह 11 बजे जांच अधिकारी पंचायत भवन पहुंचकर जांच करेंगे। इसके लिए विधिवत पत्र जारी कर सभी संबंधितों को सूचना भी प्रेषित कर दी गई है। बता दें कि ग्राम पंचायत बिसोनी में 2022 में 14 वें, 15 वें वित्त से स्वीकृत 14.82 लाख की नाली निर्माण में धांधली व इस मामले में दोषी सचिव नीलेश्वर मोरघड़े, पूर्व सरपंच कृष्णकली बड़घैया, रोजगार सहायक मिथिलेश यादव तथा एसडीओ ग्रामीण यांत्रीकी सेवा लांजी के विरुद्ध धारा 420 के तहत अपराध दर्ज करने की मांग को लेकर बिसोनी के उपसरपंच पवन कश्यप 9 जून को आमरण अनशन पर बैठे थे। जानकारी लगने पर जिला पंचायत सीईओं ने जांच का आश्वासन देकर कश्यप का अनशन समाप्त करवाया था। आज पहुंचेगी टीमजिला सीईओ इस मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी है। टीम में संदीप ठाकुर लेखाधिकारी वित्त, आर के राय जिला समन्व्यक सामाजिक अंकेक्षण, रंजीत पटले को शामिल किया गया है। जिन्हें निर्देशित किया गया है कि 25 जून को सुबह 11 बजे बिसोनी पंचायत भवन पहुंचकर शिकायतकर्ता पवन कश्यप के समक्ष जांच की जाएगी। वहीं मामले के सभी संबंधितों को पत्र प्रेषित कर जानकारी से अवगत



## विधायक विवेक पटेल ने अपने निजनिवास पर किया वृक्षारोपण

**वारासिवनी।** वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने अपने निवास पर पत्नी नंदनी पटेल और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील की कि पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए, सभी लोग अपने परिवार के साथ मिलकर अपने घरों के सामने एक पेड़ अवश्य लगाए।

# गौवंश मास्टरमाइंडः वाहिद खान और शादाब के घरों में चला बुलडोजर



सिवनी जिले में हाल ही में हुई गौमाताओं की हत्या ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। इस मामले में प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए ग्वारी गांव में स्थित आरोपी वाहिद खान और शादाब के घरो को ध्वस्त कर दिया है। प्रशासन ने आरोपियो पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) के तहत कार्यवाही की है, जो इस मामले की गंभीरता को दर्शाता है।

**घटना की शुरुआत तब हुई जब सिवनी जिले में कुछ स्थानों पर गौमाताओं की हत्या की खबरें सामने आईं। इसके बाद, स्थानीय निवासियों और गौ-रक्षकों ने इसका कड़ा विरोध किया और प्रशासन से त्वरित कार्यवाही की मांग की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रारंभिक जांच में, शादाब का नाम मुख्य आरोपी के रूप में सामने आया। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन तुरंत एक्शन मोड में आ गया। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का दौरा किया और मामले की जांच के आदेश दिए। जांच के बाद, शादाब को मुख्य आरोपी मानते हुए उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गई। उम्मीद है की बाक़ी आरोपियों के घर भी प्रशासन ध्वस्त कर सकता है. प्रशासन ने शादाब पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) के तहत कार्यवाही की, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार इस प्रकार के मामलों में कोई ढिलाई बरतने के मूड में नहीं है। शादाब के घर को ध्वस्त करना भी प्रशासन की उसी सख्ती का हिस्सा था।



## ईसाई समाज ने गौवंश हत्याकांड को लेकर सौपा ज्ञापन

छपारा - सिवनी जिले में जो निर्मम और नृशंस गौवंश हत्याकांड हुआ है उसका ईसाई समाज द्वारा कड़ी निंदा करते हुए मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा है जिसमें कहा है कि यह कृत्य न केवल अत्यन्त क्रूर और जघन्य है, अपितु सम्पूर्ण हिन्दू समाज की धार्मिक भावनाओं को भी आहम करता है। इस प्रकार का अपराध हमारे समाज में शांति और भाईचारे को समाप्त करने का षडयंत्र है इस जघन्य अपराध में यंलिप्त प्रत्येक आरोपी पर कड़ी कार्यवाही की जावे। ताकि इस प्रकार की घटनाओं की की पुनरावृति न हो और प्रदेश में आपसी प्रेम शांति भाईचारा और सद्भाव बना रहे।


## चार पुलिसकर्मी लाईन अटैच

आईजी की प्रेस वार्ता में प्रभारी पुलिस अधीक्षक एवं एएसपी गुरूदत्त शर्मा ने बताया कि पलारी चौकी प्रभारी एएसआई लूपेश राहंगडाले, धनौरा थाना में पदस्थ एएसआई कमल शंकर तुमड़ाम, पलारी चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक मतीन खान व प्रधान आरक्षक साहिद मंसूरी को लाइन अटैच किया गया है।

## हिंदू सेवा परिषद ने सोपा ज्ञापन

17 तारीक को सिवनी जिले के ग्राम मझगवां देवघाट एवं धूमा धनोरा छेत्र में हम हिन्दुओ की आस्था गौमाता को काटकर फेंक दिया गया था और बहुत ही बुरे तरीके से उन्हें कसाईयो द्वारा काटकर हमारी आस्था को ठेस पहुचाई गयी थी लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार से संतोष जनक कार्यवाहि नही हुई है इस मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार हुए है जबकि इस काम मे लिप्त बहुत सारे लोग है और इनका नेटवर्क भी बहुत बड़ा है लेकिन पूर्व जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा कोई भी कार्यवाहि अभी तक नही की गयी है जिससे हिन्दू समाज मे आक्रोश है और यह आक्रोश अब सड़को पर आने को तैयार है क्योंकि गाय हमारी आस्था का विषय है आप तत्काल अन्य जो लोग इस घटना में सम्मलित है उनपर रासुका का तहत कार्यवाहि करे और उनके घरों को अवैध ठैरा कर तोड़ा जाये

# वन विभाग ने कोबरा का किया रेस्क्यू ऑपरेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।

वन विभाग द्वारा करैत कोबरा का सफलतापूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। यह अत्यंत जहरीला सर्प होता है, और इसे पकड़ने का कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है। वन परीक्षेत्र अधिकारी उत्तम मिश्रा के निर्देशन में इन दिनों सर्प रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में वन रक्षक राजकुमार पटेल और लक्ष्मण भारती ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी कुशलता और त्वरित कार्रवाई से इस खतरनाक सर्प को सुरक्षित तरीके से पकड़ा गया। उनके इस सराहनीय कार्य के लिए उन्हें प्रशंसा मिल रही है। वन विभाग के इस सफल अभियान से क्षेत्रवासियों ने भी राहत की सांस ली है।

# जिला कलेक्टर के रूप में संस्कृति जैन ने किया पदभार ग्रहण



## सबसे पहली प्राथमिकता जिले का विकास हो-कलेक्टर संस्कृति जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नवीन कलेक्टर संस्कृति जैन के द्वारा आज प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने बताया कि मेरी सबसे पहली प्राथमिकता वही रहेगी जिससे कि जिले का का विकास हो हरिभूमि के द्वारा पूछा गया प्रश्न ज्वलंत मुद्दा गौ हत्या के बारे में आप का क्या कहना आरोपियों पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी जिले में स्वरोजगार कोभी बढ़ावा दिया जाएगा 2015 बैच की आईएएस अधिकारी संस्कृति जैन सिवनी जिले की की नई कलेक्टर होंगी। लंबे समय से सिवनी जिले में किसी महिला कलेक्टर की पदस्थी नहीं रही है। 90 के दशक में श्रीमती आभा आस्थाना सिवनी जिले महिला कलेक्टर रही है उसके पश्चात तीस से अधिक समय बाद महिला कलेक्टर की पदस्थापना हुई है। यहाँ बता दें। आई ए एस संस्कृति जैन 2015 बैच की आई ए एस है वह मऊगंज एस डी एम, सतना अपर कलेक्टर सहित अन्य स्थानों पर पदस्थ रही है। वर्तमान मे रीवा नगर निगम आयुक्त के पद पदस्थ रही है। संस्कृति जैन के पति आई पी एए अधिकारी है। संस्कृति जैन ने रीवा को स्वच्छता के क्षेत्र तीसरे नंबर की रेटिंग दिलाने के लिये काफी बेहत काम किया है। बताया जाता है कि स्वच्छता और आसामाजिक तत्वों के प्रति उनका बहुत कड़ा रूख और सख्त कार्यवाही उनकी कार्यशैली है। लंबे समय बाद महिला कलेक्टर के रूप सिवनी जिले उनकी पदस्थी से मातृशक्ति बेहद उत्साहित है और उम्मीद की जा रही है कि उनके कार्यकाल में इस दिशा में बेहतर कार्य होंगे। नशीले पदार्थो, सट्टा माफियाओं, गोवंश की तस्करी जैसे अपराधों पर उनका नियंत्रण अच्छा रहने की संभावना है।

# करंट लगने से एक महिला की मौत

**जिले की आदिवासी बाहुल्य ब्लॉक घंसौर के अंतर्गत आने वाले कुडोपार ग्राम में करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। इस घटना की पुलिस जांच कर रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जानकारी के अनुसार रविवार रात्रि तेज हवा और तूफान से बिजली का तार टूट कर जमीन पर गिर गया था। सुबह जब महिला धनवती पति सुमतलाल उईके उम्र 65 वर्ष ग्राम साधु टोला कुडोपार घर के पीछे किसी काम से गई, तो वह बिजली के तार के संपर्क में आ गई। जिसके कारण उसे करंट लग गया और वह झुलस गई। घटना की जानकारी परिजनों ने घंसौर पुलिस और 108 वाहन में दी। जिसके बाद गंभीर हालत में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव का पंचनामा बनाया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घंसौर थाना प्रभारी अनिल कुमार पटेल ने बताया किकुडोपार ग्राम से जानकारी मिली थी कि एक महिला बिजली के करंट की चपेट में आ गई है, जिसकी मौत हो गई है। फिलहाल मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

# सीएमओ की पार्षदो ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।

नगर परिषद लखनादौन सीएमओ की कार्यप्रणाली से रूष्ट 15 में से 10 पार्षदों के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी लखनादौन हिमांशु जैन से शिकायत कर उचित कार्रवाई की मांग की गई है। पार्षदों के द्वारा सीएमओ गीता वाल्मीकि के विरुद्ध की गई शिकायत में बताया गया की इनके द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ अभद्रता की जाती है और शासन की योजनाओं को आम जनता तक नहीं पहुंचाया जाता। किसी काम से आने वाले आमजनों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया जाता है। सीएमओ पर यह भी आरोप लगाए गए है की उनकी आपत्ति के बावजूद गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य करने वाले उनके क्षेत्र के ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया। जिसे भुगतान न करने के लिए परिषद द्वारा विगत 10 वर्ष से रोक लगायी गयी थी। सीएमओ द्वारा अपने करीबी पार्षदों के वार्ड में ही नाली, सड़क व अन्य निर्माण कार्य कराये जाते हैं। जहां सड़क और नाली की आवश्यकता है वहां उनके द्वारा



अनावश्यक रोक लगा दी गई है। सीएमओ द्वारा किए जाने वाले पक्षपातपूर्ण व अभद्र व्यवहार से पार्षद ही नहीं अपितु आमजन भी परेशान है। सीएमओ की कार्यप्रणाली से रूष्ट पार्षदो को एसडीएम द्वारा आश्वासन दिया गया है कि निश्चित ही आने वाले समय में जनहितैषी कार्य करवाने के साथ ही जनप्रतिनिधियों के मान सम्मान का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा।

# कान्हीवाडा पुलिस के हत्थे चढ़े दो जुआ फड़

**पुलिस अधिक्षक राकेश कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा द्वारा अवैध गतिविधियो को पर नियंत्रण व वैधानिक कार्यवाही करने हेतु समस्थ थाना/चैकी प्रभारियो का निर्देशित किया गया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

## 16 आरोपीयो के कब्जे से 59100 रूपये जप्त

इसी तारतम्य मे दिनांक-22/06/2024 को मुखबिर व्दारा सूचना मिली कि ग्राम माहुलझिर मे पोल्ट्री फार्म के पास एवं ग्राम धनौरा में प्राथमिक शाला स्कूल के पास बिजली की लाईट के उजाले में लोग जुआँ खेल रहे है कि सूचना प्राप्त हुई थी। उक्त सूचना पर अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) केवलारी आशीष भराई को मुखबिर सूचना से अवगत कराया गया जिनके व्दारा थाना प्रभारी कान्हीवाडा को मय पुलिस स्टाफ के मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करने आदेशित किया गया। थाना प्रभारी कान्हीवाडा निरीक्षक कृपालशाह तेकाम के द्वारा जुआँ रेड कार्यवाही हेतु तत्काल पुलिस टीम गठीत कर पुलिस टीम को मुखबीर व्दारा बताए स्थान पर जाकर दबिश देने हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम के द्वारा ग्राम माहुलझिर मे जुआँ फड पर दबिस देकर 08 आरोपीयो के कब्जे से कुल 30,500/-रूपये व ग्राम धनौरा मे चल रहे जुआँ फड में जबिस देकर 08 आरोपीयो के कब्जे से 28,600/-रूपये जप्त किया गया। आरोपीयो के विरुध्द अपराध पंजीबध्द किया गया। आरोपी-(1) रूपसिंह पिता बजर सिंह ठाकुर निवासी कटिया कान्हीवाडा (2) जुग्गी लाल पिता मलखान राजपूत निवासी शनि मंदिर के पास केवलारी (3) सौरभ पिता रूपसिंह ठाकुर निवासी मोहगांव कान्हीवाडा (4) संजू पिता नरसिंह काकोडिया निवासी उडेपानी डुण्डासिवनी (5) देवेन्द्र उर्फ पप्पू पिता अयोध्या प्रसाद अवधवाल निवासी बस स्टैंड भोमा कान्हीवाडा (6) जैलाद पिता कौडीलाल महोबिया निवासी ग्राम मुडरई कान्हीवाडा (7) मंगल प्रसाद पिता बाबूलाल बरमैया निवासी ग्राम धनौरा (8) शाहरूख खान पिता महफूज खान नवोदय नगर कान्हीवाडा (9) राजा उर्फ सनवर खान पिता उसमान खान निवासी चुटका (10) मोहम्मद आरिफ पिता अकील खान निवासी चुटका (11) राजेन्द्र पिता देवानंद भारती निवासी गंजटाल के पीछे रानी दुर्गावती चौक सिवनी (12) मनोहर पिता कपूरचंद चन्द्रवंशी निवासी रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी (13) सरिफ पिता जाहित कुरैशी निवासी बिमला नगर भोमा (14) गोविन्द पिता राजकुमार चन्द्रवंशी निवासी बाबाझिरिया भोमा कान्हीवाडा (15) अजय पिता कटंगलाल धुर्वे निवासी मुण्डरई कान्हीवाडा (16) इरफान पिता याकूब निवासी बिमला नगर भोमा कान्हीवाडा जप्त मशरूकाः- कुल 59100/-रूपये।

# केवलारी मे पिलाई गई पल्स पोलियो



केवलारी-प्रदेश मे पोलियो सुरक्षा चक्र बनाये रखने के लिए 23 जून से 25 जून तक प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जाएगा. तीन दिवसीय अभियान में 27 हजार 371 पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी. इसके साथ ही 1 हजार 237 ट्रांजिट टीम विशेष क्षेत्रों में पोलियो ड्रॉप अभियान के लिए गठित की गयी हैं. हाई रिस्क एरिया के लिए 6 हजार 130 और माइग्रेटरी क्षेत्र के लिए 455 मोबाइल टीम का गठन किया गया है।स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार व प्रदेश सरकार के द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार आज स्थानीय सिविल अस्पताल में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का दिनांक 23 जून से 25 जून 24तकआयोजित किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ ए के लाकरा खंड चिकित्सा अधिकारी, सुभाष बघेल पूर्व जनपद अध्यक्ष, रफीक खान पत्रकार, शहजाद खान पूर्व मेनेजर जिला सहकारी बैंक,डा अतरोलिया, डा अंकिता राय,श्री मति आई के अड़कने बीईई, दीपमाला श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारीयो की उपस्थिति मे दो बुंद जिंदगी की पल्स पोलियो की दवा पिलाकर शुभारंभ किया गया ।

# मेकअप क्लास और फैशन शो का हुआ सफल आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** काफ़ी दिनो से चर्चित मेकअप क्लास और फैशन शो का सफल आयोजन गत दिवस स्थानीय शिवानी इन होटल में किया गया, कार्यक्रम की शुरुवात, मुख्य अतिथि श्रीमती शेफाली अभय निगम, आयोजक पूनम जेठानी, सुप्रिया काने एवं अजय कुशवाहा द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई, कार्यक्रम में स्वर्गीय निगम जी की प्रेरणा से नगर के प्रभावी व्यक्तित्व के नागरिकों को पर्सनैलिटी ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड शो देकर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में शोभा विश्वकर्मा, माधुरी समंत्रा, एवं साक्षी उदासी द्वारा मेकअप प्रशिक्षण दिया गया कार्यक्रम में फैशन शो के जजमेंट के लिए सेलिब्रिटी गेस्ट नित्या सिंह, हनी जैन , जबलपुर से स्वप्निता राय चौकसे, छिंदवाड़ा से पारुल



विश्वकर्मा,परिधि सिसोदिया, किरन जैन,रूपाली सिसोदिया एवं सिवनी से सुपर मॉडल नेहा कुमरे का आगमन हुआ, कार्यक्रम मे आए हुए सुपर मॉडल द्वारा नरसिंहपुर जिले की सुपर मॉडल शिखा नागवंशी का क्राउन पहना कर क्राउनिंग कार्यकर्म किया गया , महिमा कल्याण महिला समिति अध्यक्ष पूजा पंजवानी एवं ओनम सेन द्वारा अथिति को आभार पत्र देकर सम्मानित किया गया, सभी अतिथियों द्वारा केक काट कर सेलिब्रिटी गेस्ट नित्या सिंह का जन्मदिन भी मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य सौजन्य से सेमरॉक स्कूल, हरिभूमि राष्ट्रीय हिंदी दैनिक, यूनिवर्सल कंप्यूटर सेंटर, मैक्स इलेक्ट्रॉनिक्स,रिच फील मेकअप स्टूडियो, लहंगा ज्वेलरी का सहयोग मनीषा श्रीवास्तव रूपशी ब्यूटी पार्लर एवं कैमरा फोटोग्राफी अमित श्रीवास्तव का रहा , एलईडी साउंड प्रतीक जी, अंकित सोनी, चिंटू विश्वकर्मा के सहयोग से किया गया इवेंट मैनेजमेंट नवीन उपाध्याय एवं अजय काने द्वारा किया गया मीडिया प्रबंधन ओमप्रकाश होतवानी जी द्वारा किया गया कार्यक्रम का समापन मॉडल कलाकार क्राइस्ट राज द्वारा मॉडल वॉक कर के किया गया, अतिथियों को मैक्स इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा उपहार वितरण किया गया।

# टमाटर, प्याज, आलू हुआ महंगाः दूसरी सब्जियों के दाम सुनते ही उड़ रहे होश




**आसमान छू रहे सब्जियों के दामों ने लोगों का खाना-पीना मुहाल कर दिया है। दालें पहले से ही महंगी हैं, अब प्याज ही नहीं लगभग सभी सब्जियां रुला रही हैं, हरा धनिया, लहसुन ने भी बना रहे महंगाई का नया रिकॉर्ड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जून के महीने में हरी सब्जियों के भाव आसमान पर पहुंच गए हैं। टमाटर 80 रुपए प्रतिक किलो बिक रहा है तो आलूका भाव 40 रुपए किलो पहुंच गया है। प्याज के दाम और लहसुन के दाम से जिले में तडक़ा लगाना महंगा हो गया है। हरी धनिया तो 200 रुपए प्रतिकिलो से भी ज्यादा महंगी बिक रही है। सब्जियों की यह महंगाई अभी कम से कम डेढ़ महीने तक रहेगी।

### दालें पहले से ही महंगी

सब्जियों के अलावा दालों की कीमत में भी करीब 11 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। मिनिस्ट्री ऑफ कंज्यूमर अफेयर ने दालों के दाम भी जारी किए हैं।

### प्याज के 60% बढ़े दाम

प्याज के दाम 60 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। थोक सब्जी विक्रेता हरिओम खटीक का बताया कि सब्जियों की आवक कम है। मई तक 25 रुपए किलो बिकने वाला प्याज थोक में 37.83 रुपए है।

# बारिश के मौसम में बिजली जनित हादसे से बचने हेतु सावधानियां

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बारिश का मौसम चल रहा है बिजली जनित हादसे से बचने हेतु निम्नलिखित सावधानियां बरतने हेतु माननीय उपभोक्ताओं से अपील की जाती है। 1. बिजली के खंभों को छूने से बचे एवं बिजली के खंभों से अपने मवेशियों को ना बांधे। 2. यथासंभव बिजली लाइनों के नीचे कोई भी प्रोग्राम ना करे एवं नए भवनों से बिजली लाइनों की उचित दूरी बनाए रखें। 3. खेत की मेड़ पर यदि बिजली खंभा लगा है तो उचित दूरी रख कर ही जुताई करे । 4. बिजली खंभे पर यदि स्पार्किंग हो रही हैं तो तुरंत अपने वितरण केंद्र प्रभारी, लाइनमैन, संबंधित सब स्टेशन पर सूचना देवे । 5. यदि बारिश में खंभे पर तेज स्पार्क हो रहा हो और आस पास पानी भरा हुआ है तो उस रास्ते से या पानी में जाने से बचे एवं दूसरों को भी सावधान करें । 6. यदि बिजली के तार किसी पेड़ के निकट से गुजर रहे हो तो किसी भी स्थिति में उस पर चढ़ने से बचे। 7. ट्रांसफार्मर, लाइनो पर बम्बू से या किसी और चीज से कुंडी नहीं डाले, हेवी लाइनों पर रिसाव होने से व ग्राउंड होने से बड़ा हादसा हो सकता है । 8. किसी भी बड़े वाहन की छत पर यात्रा न करे । 9. यदि बारिश की वजह से कोई लाइन ढीली पड़ गई हो या सड़क के उपर से नीची हो तो तुरंत अपने वितरण केंद्र प्रभारी, लाइनमैन या फिर सब स्टेशन पर सूचना देवे ताकि समय पर सुधार हों सके । 10. बिजली खंभों की बाउन्ड्री वाल में अतिक्रमण ना करें, हादसा होने पर भारी नुकसान हो सकता है। 11. घर में उपकरण अच्छी क्वालिटी के ही उपयोग करें एवं बगैर जानकारी के किसी भी उपकरण को छूने या खोलने से बचे। घर के अंदर बिजली फिटिंग में अर्थिंग जरूर कराएं व अपने उपकरण को उससे जोड़े रखे। 12. अपने सभी स्विच, एमसीबी, इएलसीबी उच्च कोटि की ही उपयोग करें। 13. यदि कोई व्यक्ति बिजली के गिरफ्त में हो तो तुरंत उसे बचाने हेतु निम्न कार्य करे सबसे पहले अपने आपको किसी सुखी जगह पर होना सुनिश्चित करे फिर अपने जूते, जो भीगे ना हो, कोई भी धातु लगे ना हो, वह पहने, फिर किसी इंसुलेटेड डंडे (प्लास्टिक, लकड़ी जो सूखा हों) से व्यक्ति को छुड़ाने का प्रयास करे। यदि करंट घर के अंदर लगा है तो तुरंत मेन स्विच ऑफ करे । व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल ले जाए। बारिश के इस मौसम में यदि बिजली गुल होती हैं तो हंगामा ना कर शांत रहे, ये सोचिए कि आप बारिश में भीगने से भी डरते हो, उन विपरीत परिस्थितियों में भी कोई आपके लिए किसी खंभे पर या सब स्टेशन पर बिजली तारों से जूझ रहा हो।

### कार्यालय में लगे मुर्दाबाद के नारें

## विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली से ग्रामीण परेशान, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लामता कनिष्ठ अभियंता कार्यालय में जूनियर इंजीनियर मेरावी के खिलाफ क्षेत्रीय लोगों ने आवाज बंद करते हुए इंजीनियर पर लगभग 200 किसान से अधिक किसानों से शासकीय निर्धारित राशि से अधिक टीसी कनेक्शन एवं स्थाई कनेक्शन में आर्थिक लूट का आरोप लगाया है क्षेत्रीय लोगों के द्वारा आरोप लगाते हुए बताया गया कि जूनियर इंजीनियर की मनमानी इन दिनों चरम सीमा पर चल रही है लाइट कटौती एवं किसानों से आर्थिक लूट में किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोड़ी जा रही है सूत्र यहां भी बताते हैं कि परसवाड़ा क्षेत्र के वर्तमान विधायक मधु भगत के संरक्षण में जूनियर इंजीनियर की मनमानी चल रही है बता दें कि लामता, चरेगांव, चांगोटोला सहित अनेको ग्राम में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिस पर विवश होकर क्षेत्रीय युवाओं के द्वारा जूनियर इंजीनियर के खिलाफ मुरादाबाद के नारे लगाए गए एवं ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन में डिविजनल इंजीनियर एवं जूनियर इंजीनियर की संपत्ति की जांच करने तक की बात कह दी गई तथा संभागीय कमिश्नर सहित जिला कलेक्टर को कनिष्ठ अभियंता कार्यालय के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञापन सौंपते वक्त लगभग दो दर्जन से अधिक क्षेत्रीय युवा गण मौजूद रहे मौजूद युवाओं ने लगभग एक घंटा तक प्रदर्शन किया लामता पुलिस के आने के पश्चात कनिष्ठ अभियंता को कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया है।

### बिजली की कटौती एवं आर्थिक रूप से किसान परेशान, जिम्मेदार मौन

लामता कनिष्ठ अभियंता कार्यालय के अंतर्गत पडने वाले आधा सैकड़ा से अधिक ग्राम इन दिनों बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं परंतु कनिष्ठ अभियंता तथा वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान अब तक आकर्षित नहीं हो पाया है आपको बता दे की क्षेत्र में किए टीसी कनेक्शन में किसानों का यह आरोप है कि जूनियर इंजीनियर तथा लाईनमैनों के द्वारा निर्धारित राशि से अधिक की वसूली की गई है यह भी सूत्रों के अनुसार जानकारी प्राप्त हो रही है कि अवैध कमाई से जूनियर इंजीनियर के द्वारा बालाघाट में करोड़ों का मकान निर्माण किया जा रहा है जिसकी ज्ञापन के माध्यम से जांच की मांग की गई है क्षेत्रीय विधायक को लेकर युवागणों का कहना है कि विगत लंबे समय से बिजली की समस्या को लेकर क्षेत्रीय लोग परेशान हैं परंतु क्षेत्रीय विधायक मधु भगत की निद्रा अब तक नहीं खुल पाई है वह बिजली की गंभीर समस्या को संज्ञान में नहीं ले पाए हैं हालांकि इस विषय में विधायक का संरक्षण जूनियर इंजीनियर को मिलने का सूत्रों के अनुसार पता चल रहा है अब देखना यहां होगा की समाचार प्रकाशन के बाद क्षेत्रीय विधायक की निद्रा खुलती है या फिर अपने संरक्षण में यूं ही किसानों से लूट का कारोबार जारी रहेगा।

### इनका कहना है

स्मार्ट बिजली के माध्यम से आजकल सारे सिस्टम ऑनलाइन है जो भी उपभोक्ता अप्लाई करते हैं उन्हें ऑटोमेटेकली डिमांड चल जाता है कार्यालय में किसी प्रकार का बिल एवं आवेदन नहीं लिया जाता है हमारे द्वारा किसानों को किसी भी तरह से रसीद नहीं दिया जाता क्योंकि ऑनलाइन माध्यम से ही किसान टीसी कनेक्शन का भुगतान करता है।

**जूनियर इंजीनियर मरावी**
**लामता**

### हजारों रूपए और मोटर सायकिल बरामद

## दोस्त के दोस्तो ने की लूट, 24 घंटे के अंदर लालबर्रा पुलिस ने लूटेरों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बीते 22 जून को लालबर्रा थाना क्षेत्र में शैलेन्द्र दासरे के साथ हुई लूट मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर लूट के तीन आरोपियों वारासिवनी थाना अंतर्गत वारा निवासी 22 वर्षीय गगन पिता कमलकिशोर बोरकर, 23 वर्षीय राहुल उर्फ हिमांशु पिता रमेश कन्नौजे और 22 वर्षीय अमित उर्फ अन्नू पिता कोमलप्रसाद हरिनखेड़े को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से पुलिस ने लूटे गए 50 हजार रूपए में 32 हजार रूपए, एक मोटर सायकिल और मोबाईल मिलाकर कुल 95 हजार रूपए का मशरूका बरामद किया है।



पुलिस के हत्थे चढ़े लूटेरे, पीड़ति शैलेन्द्र दासरे के दोस्त हंस बंजारा के दोस्त निकले। जिन्होंने हंस बंजारा के जन्मदिन पार्टी में शैलेन्द्र दासरे के पास नोटो की गड्डी देखी थी। जिसे देखकर उनके मन में लालच आ गया था। जिसके बाद आरोपियों ने शैलेन्द्र के पास रखे नोटों को लूटने का प्लान बनाया। आरोपियों ने लूट की घटना को उस वक्त अंजाम दिया था। जब पीड़ति शैलेन्द्र दासरे, दोस्त हंस बंजारा की जन्मदिन पार्टी से घर लौट रहा था। जिसका पीछा करते हुए गगन बोरकर, राहुल उर्फ हिमांशु कन्नौजे और अमित उर्फ अन्नू हरिनखेड़े ने मौका पाकर शैलेन्द्र को रोका और उसके साथ मारपीट कर उसके जेब में रखे 50 हजार रूपए और मोबाईल लूटकर फरार हो गए थे। जिसकी पीड़ति शैलेन्द्र दासरे की शिकायत पर लालबर्रा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 394,34 का मामला कायम कर विवेचना में लिया था। लालबर्रा पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन और निर्देशन में घटना के 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट की राशि में 32 हजार रूपए, घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल और मोबाईल फोन बरामद किया। जिन्हें पुलिस ने माननीय न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भिजवा दिया है। लूट के आरोपियों को गिरफ्तार करने में लालबर्रा थाना प्रभारी हेमंत नायक, उनि. महेन्द्र बघेल, शशांक राणा, आरक्षक हेमंत बिसेन, सुशील विश्वकर्मा, मनीष बघेल और आरक्षक हरिकृष्ण राठौर की सराहनीय भूमिका रही।

## शिक्षकों की कमी से जूझ रहे सरकारी स्कूल : पदोन्नति के कारण अटकी अतिथि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया, स्कूलों के बुरे हाल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



राज्य में 18 जून से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है. राज्य के तमाम नेताओं और अधिकारियों ने प्रवेशोत्सव को काफी धूमधाम से मनाया है. इस बीच विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण भी कर दिया गया है. मगर, दूसरी तरफ सरकारी स्कूल शिक्षकों की कमी से जूझ रहे है. इस पर कहीं कोई चिंता करते हुए दिखाई नहीं दिया है और ना ही शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए अब तक अतिथि शिक्षकों की भर्ती की गई है. बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी में ही पिछले सत्र में करीब 278 अतिथि शिक्षकों ने सेवाएं दी थी. किंतु नए शैक्षणिक सत्र के लिए अब तक अतिथियों की पुनः भर्ती के आदेश शासन से जारी नहीं हुए है. जिस कारण अतिथि बेरोजगार बनकर अपने घर पर बैठे हुए है. जिसके चलते सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था लड़खड़ाई हुई है. बताया जा रहा है कि पदोन्नति के कारण अतिथि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया अटकी हुई है. शिक्षकों की पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रिक्त पदों पर अतिथियों की भर्ती की जाएगी. विकासखंड कटंगी के प्राथमिक, माध्यमिक, हायर सेकेंडरी और हाई स्कूलों में शिक्षकों के पद रिक्त है।

### पठार अंचल में शिक्षा का बुरा हाल

बीआरसी रविन्द्र हरिनखेड़े का मानना है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी की वजह से विकासखंड कटंगी के तिरोड़ी और महकेपार संकुलों के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है. यह वह इलाके है जिसे पठार अंचल के नाम से जाना जाता है. यहां प्राथमिक, माध्यमिक, हायर सेकेंडरी और हाई स्कूल में शिक्षकों की बेजा कमी है. जिस कारण पठार अंचल के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा नहीं मिल पा रही है और पठार अंचल के विद्यार्थी अच्छी शिक्षा के लिए गांव छोड़ने को मजबूर है. शिक्षकों की कमी की वजह से ना सिर्फ शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है बल्कि हायर सेकेण्डरी और हाई स्कूल में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ाई छोड़ कर मजदूरी करने को मजबूर है. ताज्जुब की बात तो यह है कि इस बात की जानकारी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के नेताओं को भी है. जो गांव की भोली-भाली जनता का चहुंमुखी विकास का दंभ भरते है. मगर, शिक्षा को लेकर ना तो कभी इन नेताओं की जुबान खुलती है और ना ही पठार में शिक्षा को लेकर कभी कोई आंदोलन होता है।

## वसूली के लक्ष्यों की पूर्ति करें : पटले

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट मुख्यालय द्वारा 24 जून को कलेक्टर व बैंक प्रशासक डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ आर. सी. पटले ने वीसी के माध्यम से शाखा प्रबंधकों, सुपर वाइजरो और समिति कर्मचारियों की बैठक ली गई। इस दौरान श्री पटले ने गत सप्ताह शाखाओं को दिए गए वसूली के लक्ष्य की समीक्षा करते हुए इस सप्ताह के लिए वसूली के लक्ष्य प्रदाय किया गया। साथ ही समितियों में खरीफ सीजन में किसानों की मांग अनुसार पर्याप्त मात्रा में खाद भंडारण के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य विषयों पर भी विस्तार से समीक्षा की गई। श्री पटले ने कहा कि वसूली के लिए निर्धारित दिनांक अनुसार यह सप्ताह ही शेष हैं इसलिए ज्यादा से ज्यादा किसानों से संपर्क कर वसूली के टारगेट को पूर्ण करे। इस अवसर पर प्रबंधक लेखा पी. जोशी, विपणन अधिकारी राकेश असाटी, फील्ड अधिकारी राजेश नगपुरे, रौनक चौकसे, स्त्रजल शाक्य राजनदनी परिहार उपस्थित रहे।

## विद्यालय बंद पाये जाने पर दो स्कूलों के सभी शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला शिक्षा अधिकारी एके उपाध्याय ने बताया कि मोतेगाँव व मौरिया की स्कूले शुक्रवार को बंद पायी गई थी। स्कूले बंद होने कि प्राप्त शिकायत के आधार पर संस्था में पदस्थ समस्त शिक्षकों कि लापरवाही के कारण शैक्षणिक कार्य में उदासीनता एवं लापरवाही परिलक्षित हुई है। जो कि म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के उपनियम (क) (ख) (ग) का उल्लंघन किया गया है। जिसके परिणाम स्वरूप कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार डीईओ शउपाध्याय द्वारा दोनों स्कूलों मे पदस्थ सभी शिक्षको को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्रतिउत्तर तीन दिनों में प्रस्तुत करने का समय दिया गया है। जवाब संतोषप्रद नहीं होने व निर्धारित समय सीमा में प्राप्त नहीं होने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।




### सर्वोच्च न्यायालय से अपील हो चुकी है खारिज

## पूर्व विधायक समरीते ने किया सरेण्डर, जेल पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



लांजी क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरीते को उच्च न्यायालय द्वारा दी गई सजा के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील की गई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने 28 मई 2024 को अपील खारिज करते हुए 4 सप्ताह के अंदर न्यायालय में आत्म सर्मपण करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट के परिपालन में पूर्व विधायक किशोर समरीते ने २४ जून को विशेष न्यायालय एस्ट्रोसिटी एक्ट माननीय के.एल बारिया न्यायाधीश की अदालत में आत्म सर्मपण कर दिया। इसके बाद ही न्यायालय से समरीते को बालाघाट जेल भेज दिया गया।गौरतलब है कि वर्ष 2004 में पूर्व विधायक किशोर समरीते द्वारा अपने 15 से 20 साथियों के साथ मिलकर एसडीएम कार्यालय लांजी में पहुंच वहां पर मौजूद अधिकारियों से मारपीट कर, सरकारी सामान को तोड़-फोड़ की गई थी। इसी दौरान शासकीय वाहन को भी तोड़-फोड़ कर क्षति पहुंचाई गई थी। इस मामले में लांजी पुलिस द्वारा किशोर समरीते सहित अन्य पर मामला कायम कर चालान डायरी न्यायालय में पेश की गई थी। इस पर विशेष न्यायालय एस्ट्रोसिटी एक्ट के द्वारा 22 दिस बर 2009 को आरोपी किशोर समरीत व अन्य 6 को विभिन्न धाराओं का दोषी पाते हुए दंडित किया गया था। इस सजा के विरूद्ध पूर्व विधायक समरीते द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में अपील की गई थी, जिससे उच्च न्यायालय द्वारा एससी/एसटी की धारा को हटाकर शेष अन्य धाराओं में सजा यथावत रखा गया। इस फैसले के विरूद्ध पूर्व विधायक समरीते द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय में अपील की गई थी। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किशोर समरीते की अपील 28 मई 2024 को खारिज करते हुये 4 सप्ताह के भीतर न्यायालय में सरेण्डर होने का आदेश जारी किया गया था। इस आदेश के पालन में 24 जून को समरीते ने न्यायालय के समक्ष अपने आप को सरेण्डर कर दिया। न्यायालय द्वारा उसे जेल भेज दिया गया है।

## जिला अस्पताल में 24 घंटे पानी सप्लाई शुरू

### अब नहीं होगी पानी की कमी, लगेंगे दो नए वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



गर्मी के मौसम में बालाघाट जिला अस्पताल में हो रही पानी की समस्या का अब स्थायी समाधान हो गया है। अस्पताल में अब 24 घंटे वॉटर सप्लाई होगी। सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन के प्रयास से नगरपालिका ने अस्पताल में 24 घंटे की पानी सप्लाई दे दी है।

बता दें कि गर्मी के मौसम में अस्पताल के मरीजों और परिजनों को पेयजल के लिए भटकना पड़ा। जिसको लेकर जनप्रतिनिधियों ने भी नाराजगी जाहिर की थी।

### अस्पताल को मिलेंगे दो वॉटर कूलर

जिला अस्पताल में वर्तमान में अस्पताल में पैथोलॉजी लैब के पास दो वॉटर कूलर है। मातोश्री कमलादेवी वैद्य की स्मृति में वैद्य परिवार ने दो वॉटर कूलर अस्पताल को दिए जाने की घोषणा की थी।जिला अस्पताल के गायनिक वार्ड में दो वॉटर कूलर लगे है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि अन्य दो वॉटर कूलर को अस्पताल के कैजुअल्टी वार्ड के पास और ओपीडी भाग में लगाया जाएगा। जिससे दोनों ओर लोग साफ पानी पी सकेंगे।

## पोलियो मुक्त भारत दो बूंद जिंदगी के : रंजना वैद्य



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

ग्राम हट्टा के उप स्वास्थ्य केंद्र में किया गया पल्स पोलियो अभियान कार्यक्रम जिसमें बतोर अतिथि के रूप में पहुंचे जनपद अध्यक्ष फूलचंद सहारे, जनपद सदस्य रंजना वैद्य, हट्टा सरपंच उमेश सोनेकर के नेतृत्व में बच्चो को पोलियो की दवाई पिलाई गई। साथ ही सभी ग्रामीण जनता से जनपद सदस्य रंजना वैद्य के द्वारा निवेदन किया गया कि इन तीन दिनों में अपने-अपने बच्चो को पोलियो की दवाई अवश्य पिलाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी बने विरेंद बिसेन, राजू बुरे, संतोष कसार, डॉक्टर हर्षा, श्रीमती धनवंती लिल्हारे, राजेश कावेरे, युवराज चंद्रवंशी, श्रीमती शीला शेंडे, श्रीमती कविता उइके, शेंडे सिस्टर, श्रीमती अर्चना सोनेकर, सुंदर कुमरे, आशा कार्यकर्ता आगनवाड़ी, कार्यक्रता और ग्रामीण जनता और बच्चे सभी की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

## एक दिवसीय रोजगार मेले के आयोजन 28 जून को

**बालाघाट।** जिला रोजगार कार्यालय बालाघाट में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 28 जून को किया जा रहा है। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर जिले के शिक्षित बेरोजगारों का चयन किया जायेगा। जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार इस मेले में भाग लेने के लिए आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता 8वी, 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं आईटीआई आदि अन्य योग्यता तथा आयु सीमा 18 से 35 वर्ष होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन कार्ड, एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो आदि लेकर मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

[redacted]

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ताराप्रसाद पिता श्री नैनदास मंडले ग्राम जामुनटोला पोस्ट रिसेवाड़ा तहसील लांजी जिला बालाघाट (म. प्र.) का निवासी हूं मेरी उम्र 44 वर्ष है मेरे पुत्र का नाम राजदीप मण्डले (Rajdeep Mandle) जिसकी आयु 17 वर्ष है मेरे पुत्र का नाम कक्षा 10वीं, 11वीं व जन्म प्रमाण पत्र में अंग्रेजी में Rajdeep Mandle (राजदीप मण्डले) उल्लेखित है जो कि पूर्णतः सत्य है, किंतु मेरे पुत्र का नाम भारत सरकार द्वारा जारी किए गए आधार कार्ड में अंग्रेजी में Rajdeep Mandale (राजदीप मंडले) उल्लेखित किया गया है जो कि त्रृटि पूर्ण है जिसके संशोधन हेतु सर्वसाधारण को सूचित कर रहा हूँ। अतः मेरे पुत्र को राजदीप मंडले Rajdeep Mandle के नाम से जाना जाएं।

### कार्या. ग्राम पंचायत परसवाड़ा(रत.), जप बालाघाट, जिला-बालाघाट(म.प्र.)

क्रमांक /क्यू/ दिनांक : 24.06.2024

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

विषयाकिंत लेख है कि ग्राम पंचायत परसवाड़ा (रत.) में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा, पंच परमेश्वर, 5 वां, 14 वां व 15 वां वित्त आयोग एवं अन्य मदों से निर्माण कार्य कराया जाना हैं। इन कार्यो के लिए दिनांक 20/06/2024 से 28/06/2024 तक नीचे लिखित वर्णित सामग्री हेतु मुहरबंद निविदाएं कार्यालयीन समय में आमंत्रित हैं। निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है, निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा। निविदा का लिफाफा कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत परसवाड़ा (रत.) में जमा किया जावें एवं डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किये जायेगें। सामग्री- सीमेंट, लोहा, गिट्टी, सीमेंट पाइप, लोहा पाइप, टीन, मिट्टी, मुरम, रेत, ईट, मिक्चर मशीन, वाइब्रेटर मशीन, पॉलीथीन, वॉशबेसिन नल सहित, पेंटिंग कार्य, गट्टू(पेपर ब्लॉक), नल-जल योजना हेतु पाइप, कुर्सी, टेबल, स्ट्रीट लाईट संबंधी सामग्री, परिवहन सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं।

| श्रीमती मीना बागड़े,सरपंच | दीपक दमाहे, उपसरपंच | सेवकराम पांचे, सचिव |
|---|---|---|
| ग्राम पंचायत परसवाड़ा(रत.) | ग्राम पंचायत परसवाड़ा(रत.) | ग्राम पंचायत परसवाड़ा(रत.) |

### प्रतिभागियों ने दिखाया जौहर; पुरूष वर्ग में शिवम और महिला वर्ग में अलका बनी विजेता

## बालाघाट में हुई जिला स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



नूतन कला निकेतन और जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में नूतन कला निकेतन सभागार में रविवार को द्वितीय पॉवर लिफ्टिंग (बैंच प्रेस) चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों महिला, पुरूष पॉवर लिफ्टरों ने हिस्सा लिया।

देर शाम तक चली इस प्रतियोगिता में सीनियर, जूनियर वर्ग के अलग-अलग वजन कैटेगरी में प्रतिभागियों ने बैंच प्रेस कर अपनी ताकत दिखाई। प्रतियोगिता में बतौर अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे, समाजसेवी उमेश जायसवाल उपस्थित थे।

म.प्र बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष और जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव सुरेन्द्र जायसवाल ने बताया कि जिले के पॉवर लिफ्टरों की प्रतिभा को उभारने और उनके बेहतर कौशल प्रदर्शन के लिए एसोसिएशन समय-समय पर इस तरह का आयोजन कर खिलाड़ियों को मंच प्रदान करता है।

रविवार को आयोजित प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में सब जूनियर 93 किलो वजन में शिवम कावरे ने प्रथम स्थान और द्वितीय जूनियर वर्ग में 83 किलो वजन में पवन कनौजिया, तृतीय सीनियर वर्ग 83 किलो वजन में अशफाक उल हक विजेता रहे।

इसी तरह महिला वर्ग में अलका चौके ने 47 किलो वजन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में पुरूष और महिला दोनों प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार 7 हजार रूपए, द्वितीय 5 हजार रूपए और तृतीय पुरस्कार 3 हजार रुपए और महिला विजेता खिलाड़ी को 2 हजार रूपए का पुरस्कार दिया गया।


SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2024-25
AGRICULTURE
B.Sc.(Hons.) Ag. | B.Tech.
M.Sc.(Ag) (Agronomy/Horticulture)
LAW
BA LL.B. | LL.B. | LL.M.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111